आना अंजनी के लाल हमारे हरि कीर्तन में

आओ जी आओ जी हनुमान,
आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में,
आना अंजनी के लाल हमारे हरि कीर्तन में,
आप भी आना संग राम जी को लाना,
राम जी को लाना जी राम जी को लाना,
लाना जकन दुलार हमारे हरि कीर्तन में,
आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में....

भरत जी को लाना लक्ष्मण जी को लाना,
लक्ष्मण जी को लाना जी लक्ष्मण जी को लाना,
लाना सब परिवार हमारे हरि कीर्तन में,
आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में....

कृष्ण जी को लाना राधा जी को लाना,
राधा जी को लाना जी राधा जी को लाना,
लाना शिव परिवार हमारे हरि कीर्तन में,
आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में....

विष्णु जी को लाना नारद जी को लाना,
नारद जी को लाना संग नारद जी को लाना,
बाजे वीणा के तार हमारे हरि कीर्तन में,
आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में.....

सुमति को लाना और कुमति को हटाना,
कुमति को हटाना जी कुमति को हटाना,
कर दो बेडा पार हमारे हरि कीर्तन में,
आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में....

बजरंग मंडल पे कृपा करके,
कृपा करके कृपा करके,
सुन लो नाथ पुकार हमारे हरि कीर्तन में,
आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30515/title/aana-anjani-ke-laal-humare-hari-kirtan-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |